9/12/19 E

This question paper contains 4 printed pages]

Roll No. | | | | | | | | | | | |

S. No. of Question Paper : 2050

Unique Paper Code : 62054306

Name of the Paper : Hindi Katha Sahitya

Name of the Course : B.A. (Prog.) Hindi Discipline–CBCS

Semester : III

समय : 3 घण्टे पूर्णांक : 75

(इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए ।)

सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

1. निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 10+10

(क) गरीब अपनी ही लगायी हुई आग में जला जाता था। अगर वह जानता कि डींगों का यह फल होगा, तो वह ज़बान पर मुहर लगा लेता। चिन्ता और ग्लानि उसके हृदय को कुचले डालती थी। कहाँ सुबह से शाम तक हंसी-कहकहे, सैर-सपाटे में कटते थे, कहाँ अब नौकरी की तलाश में ठोकरें खाता-फिरता था। सारी मस्ती गायब हो गयी।

nurotes.in

**अथवा**

रमानाथ एक ही उड़ान में वास्तविक संसार से कल्पना और कवित्व के संसार में जा पहुँचा। ऐसे अवसर पर जब जालपा का रोम-रोम आनन्द से नाच रहा है, क्या वह अपना पत्र देकर उसकी सुखद कल्पनाओं को दलित कर देगा ? वह कौन हृदयहीन व्याघ है, जो चहकती हुई चिड़िया की गर्दन पर छुरी चला देगा ? वह कौन अरसिक आदमी है, जो किसी प्रभात-कुसुम को तोड़कर पैरों से कुचल डालेगा ?

(ख) आज जरूर बरसात होगी, उसने सोचा। उसे धुन्ध बहुत भली लगती है। जब मालूम नहीं पड़ता, वहाँ कुछ दूर पर क्या है तो अनायास आशा होने लगती है कि कोई अनुपम और मोहक वस्तु होगी। मैं भी खूब हूँ, उसने मुस्करा कर सोचा, मुझे धुन्ध में खुलापन लगता है और सूर्य के प्रकाश में घुटन!



**अथवा**

मैंने देखा, पवन में चीड़ के वृक्ष.... गरमी से सूखकर मटमैले हुए चीड़ के वृक्ष.... धीरे-धीरे गा रहे हों..... कोई राग जो कोमल है, किन्तु करुण नहीं, अशान्तिमय है, किन्तु उद्वेगमय नहीं...... मैंने देखा, प्रकाश से धुंधले नीले आकाश के पट पर जो चमगादड़ नीरव उड़ान से चक्कर काट रहे हैं, वे भी सुंदर दिखते हैं।

2. 'गबन' उपन्यास के कथानक की समीक्षा कीजिए।

**अथवा**

'गबन' उपन्यास के उद्देश्य को स्पष्ट कीजिए। 12

3. उपन्यास के स्वरूप पर प्रकाश डालिए।

**अथवा**

उपन्यास की संरचना में सामाजिक यथार्थ के महत्त्व को स्पष्ट कीजिए। 12

4. 'कहानी समाज के अधिक निकट है', समीक्षा कीजिए।

**अथवा**

'कहानी' में चरित्र योजना के महत्व को स्पष्ट कीजिए। 12



munotes.in

5. 'रोज' कहानी की तत्त्वों के आधार पर समीक्षा कीजिए।

**अथवा**

'परदा' कहानी के उद्देश्य पर प्रकाश डालिए। 12

6. किसी **एक** पर टिप्पणी लिखिए : 7

(क) 'दाज्यू' कहानी का प्रतिपाद्य

(ख) 'हरी बिंदी' कहानी की मूल संवेदना

(ग) 'दिल्ली में एक मौत' कहानी का कथानक।

munotes.in